दिनांकः 24.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने नीट परीक्षा मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया, कहा–सरकार पारदर्शी और बिना त्रुटि वाली परीक्षा प्रणाली के प्रति वचनबद्ध।
- जल जीवन मिशन ने देशभर में पंद्रह करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल कनेक्शन देकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।
- केन्द्रीय बजट 2024–25 को लेकर विभिन्न लोगों की मिली जुली प्रतिक्रियाएं।
- महिला एशिया कप क्रिकेट में भारत ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया–अंतिम ग्रुप मैच में नेपाल को 82 रन से हराया।

..................

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने नीट परीक्षा मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है। शीर्ष न्यायालय के फैसले पर मीडिया को संबोधित करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार पारदर्शी, गड़बड़ी मुक्त और बिना त्रुटि वाली परीक्षा प्रणाली के प्रति वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए को दोषमुक्ति संगठन बनाने के प्रति भी समर्पित है। श्री प्रधान ने कहा कि नीट घोटाले में शामिल दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि परीक्षा एजेंसी को पूरी तरह दुरुस्त करने के लिए उच्च स्तरीय समिति बनाई गई है। समिति ने विशेषज्ञों की राय ली है तथा विभिन्न मॉडलों का अध्ययन किया है। शिक्षा मंत्री ने इस मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी की निंदा की और आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी भारतीय शिक्षा प्रणाली पर संदेह जताकर देश के लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

..................

गौरतलब है कि सर्वोच्च अदालत ने कल नीट–यूजी परीक्षा–2024 को रद्द करने और दोबारा परीक्षा कराने का आदेश देने से इंकार कर दिया था।

..................

राष्ट्रीय जल जीवन मिशन ने देशभर में पंद्रह करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल कनेक्शन देकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। मिशन 2019 में शुरू किया गया था और इसके तहत 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण परिवार में जलापूर्ति प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया था। पिछले पांच वर्षों में ग्रामीण जल कनेक्शनों की संख्या तीन करोड से बढकर पंद्रह करोड हो गई है। जलशक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने सोशल मीडिया पर कहा कि इस उपलब्धि से ग्रामीण निवासियों के जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि अभी तक आठ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में जल–आपूर्ति का शत प्रतिशत लक्ष्यं हासिल किया जा चुका है।

..................

राज्य विधानसभा में आज विभिन्न ध्यान आकर्षण प्रस्तावों के साथ ही वार्षिक प्रतिवेदन और लेखे प्रस्तुत किये जाएंगे। आकोली नदी में अवैध बजरी खनन के खिलाफ किसानों द्वारा आंदोलन के दौरान दर्ज की गई झूठी एफआईआर, सादुलपुर के सिद्धमुख कस्बे में स्वीकृत बाईपास में आने वाली कृषि भूमि को मुआवजा प्राप्त करने के नियम के खिलाफ आवासीय भूमि में बदलने की जांच एसीबी से कराने और मोहनलाल सुखाड़िया अफोर्डेबल हाउसिंग योजनाओं में अनियमितताओं की जांच के मामलों पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया जाएगा। सदन में आज आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी चिकित्सा विभाग, देवस्थान विभाग और पशु पालन एवं मत्स्य विभाग की अनुदान मांगों पर विचार किया जाएगा।

..................

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा की कार्यवाही के वीडियो अंश वेबसाइट और यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध कराने की पहल की है। श्री देवनानी ने बताया कि राजस्थान विधानसभा में सन 1997

से हुई कार्यवाही को वीडियो रूप में उपलब्ध कराया गया है। 10वीं विधानसभा के 8वें सत्र से आवश्यकतानुसार कार्यवाही रिकार्ड की गई थी, उन्हें अब आवश्यक तकनीक परिवर्तन के बाद उपयोग योग्य बनाया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि विधानसभा के कार्यवाही वृत्तान्त, पहली विधानसभा के शुरूआती वर्ष 1952 से वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इस पहल से राज्य के विश्वविद्यालयों में लोकतंत्र पर होने वाले शोध और अनुसंधान को बढ़ावा मिल सकेगा।

................

केन्द्र सरकार द्वारा पेश किये गये बजट 2024–25 को लेकर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से मिली जुली प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बजट को विकसित भारत के लक्ष्य का रोड़मैप बताया है। उन्होंने कहा कि यह देश के सभी वर्गों की आशाओं पर खरा उतरने वाला बजट है। दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से एक करोड़ परिवारों को मुफ़्त बिजली देने की योजना एक गेम–चेंजर साबित होगी। भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ने कहा है कि महिलाओं और बालिकाओं के लिए तीन लाख करोड़ रुपये के प्रावधान वाला यह बजट उनके सशक्तिकरण की दिशा में अहम कदम है। इसमें आधी आबादी को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की प्रतिबद्धता दिखती है।

भाजपा प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने बजट को देश के विकास और चहुंमुखी समृद्धि के मार्ग पर आगे बढ़ाने वाला बताया है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केन्द्रीय बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा है कि पूरा बजट दिशाहीन है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बजट को नाउम्मीदी से भरा हुआ बताया है।

................

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मॉनसून के दौरान पौधरोपण किया जा रहा है। इसी कड़ी में भरतपुर में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने मिलकपुर गांव में पौधरोपण किया। इस दौरान साढे तीन सौ से अधिक फलदार पौधे लगाकर किसानों को पौधरोपण के लिये प्रेरित किया गया। जिला कलेक्टर ने स्थानीय निवासियों से पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिये अधिक से अधिक पौधे लगाने का आव्हान किया और उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया। उधर, जैसलमेर के पाबनासर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पौधरोपण किया गया। आदर्श विद्या मंदिर सांकड़ा में भी पौधे लगाए गए। भणियाणा में एक संस्थान द्वारा भी पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

................

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मॉनसून की बारिश का दौर जारी है। राजधानी जयपुर में आज सुबह से रिमझिम बारिश हो रही है। करौली में देर रात बूंदाबांदी हुई। वहां मौसम सुहाना बना हुआ है। श्रीगंगानगर में देर रात से रुक–रुक कर बरसात हो रही है। इससे तेज गर्मी और उमस से राहत मिली है। सवाईमाधोपुर में भी रात को कई जगह अच्छी बरसात हुई।

मौसम विभाग के अनुसार आज जयपुर जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जिले में कुछ स्थानों पर बादल गरजने के साथ ही मध्यम से तेज बारिश हो सकती है। कहीं–कहीं बिजली गिरने की भी संभावना है। उधर, शेखावाटी क्षेत्र, बीकानेर, अजमेर और कोटा संभाग के जिलों के लिए विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है।

................

महिला एशिया कप क्रिकेट में भारत ने अपने अंतिम ग्रुप मैच में नेपाल को 82 रन से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। कल श्रीलंका के दांबुला में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत की टीम ने 178 रन बनाए। 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नेपाल की टीम 20 ओवर में केवल 96 रन ही बना सकी। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने तीन विकेट लिये, जबकि राधा यादव और अरुंधति रेड्डी ने दो–दो विकेट लिए। इससे पहले, भारतीय सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा ने 48 गेंदों में 81 रन और दयालन हेमलता ने 47 रन बनाकर पहले विकेट के लिए 122 रनों की साझेदारी की। शैफाली वर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। ग्रुप ए से भारत और पाकिस्तान ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया है, जबकि नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात बाहर हो गए हैं।

................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 जुलाई को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 112वीं कड़ी होगी। इस कार्यक्रम के लिए श्रोता अपने

विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। इसके अलावा नमो एप और माय जी ओ वी ओपन फोरम के जरिये भी अपने विचार साझा कर सकते हैं।

.................